आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 31.03.2025

मुख्य समाचारः—

1— दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में आज पैंतालीस लाख रूपए की एक इनामी महिला माओवादी मारी गई।

2— तेज गर्मी को देखते हुए प्रदेश में दो से तीस अप्रैल तक सभी सरकारी, निजी स्कूल और शैक्षणिक संस्थाओं के समय में किया गया परिवर्तन।

3— केन्द्रीय वस्तु और सेवा कर विभाग ने दस करोड़ अड़तीस लाख रूपए से अधिक की कर चोरी के आरोप में भिलाई के एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार।

4— ईद—उल—फितर आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

माओवादी—मुठभेड़

दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में आज पैंतालीस लाख रूपए की एक इनामी महिला माओवादी मारी गई है। इस पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पच्चीस लाख और तेलंगाना सरकार द्वारा बीस लाख रूपए का इनाम घोषित था। डीआरजी और बस्तर फाइटर्स की टीम ने घटनास्थल से इंसास रायफल, गोलाबारूद और अन्य हथियार बरामद किए हैं।

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि मारी गई महिला माओवादी की पहचान रेणुका उर्फ बानू के रूप में हुई, जो दंण्डाकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी की सदस्य थी। दंतेवाड़ा रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि गीदम और बीजापुर थाना क्षेत्र के सीमावर्ती गांव — नेलगोड़ा, इकेली और बेलनार क्षेत्र में यह मुठभेड़ हुई है। सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई के बाद माओवादी वहां से भाग निकले।

यूपीएस—पेंशन योजना

केंद्र सरकार की एकीकृत पेंशन योजना—यूपीएस कल से लागू हो जाएगी। केंद्र सरकार ने यूपीएस को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया है। पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण ने हाल ही में यूपीएस के संचालन के लिए नियम अधिसूचित किए थे। ये नियम केंद्र सरकार के कर्मचारियों के तीन समूहों से संबंधित हैं। प्रथम समूह में पहली अप्रैल दो हजार पच्चीस तक सेवा में एनपीएस के अंतर्गत कार्यरत केंद्र सरकार का कर्मचारी शामिल है। दूसरी श्रेणी में पहली अप्रैल दो हजार पच्चीस या उसके बाद केंद्र सरकार में नए भर्ती हुए लोग शामिल हैं। तीसरी श्रेणी में एनपीएस का हिस्सा रहा केंद्र सरकार का कर्मचारी इकतीस मार्च या उससे पहले सेवानिवृत्त हुआ, चाहे वह नियमित सेवानिवृत्ति हो या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, वे यूपीएस के लिए पात्र हैं। इस योजना से केंद्र सरकार के लगभग तेईस लाख कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

स्कूल समय—परिवर्तन

छत्तीसगढ़ में पड़ रही तेज गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने दो से तीस अप्रैल तक सभी सरकारी, निजी स्कूल और शैक्षणिक संस्थाओं के समय में परिवर्तन किया है। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार एक पाली में संचालित सभी स्कूल सुबह सात बजे से ग्यारह बजे तक लगेंगे। वहीं, ऐसी शालाएं जहां दो पालियों में पढ़ाई होती है, वहां प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक स्कूल सुबह सात बजे से ग्यारह बजे तक संचालित होंगे। साथ ही हाईस्कूल

और हायर सेकेंडरी शालाओं में पढ़ाई सुबह ग्यारह बजे से दोपहर तीन बजे तक होगी। सभी स्कूलों में कार्यालय का समय यथावत रहेगा।

नवा रायपुर–ट्रेन सेवा

रायपुर से नया रायपुर राजधानी क्षेत्र रेल नेटवर्क से जुड़ गया है। अब यहां आवागमन के लिए मेमू ट्रेन नियमित रूप से चला करेगी। यह ट्रेन रायपुर रेल्वे स्टेशन से मंदिर हसौद, नया रायपुर सीबीडी, केन्द्री होते हुए अभनपुर पहुंचेगी। यात्री रायपुर से नवा रायपुर और अभनपुर की यात्रा कर सकेंगे, वो भी मात्र दस रूपये में। इस ट्रेन के शुरू हो जाने से मंदिर हसौद, मंत्रालय, सचिवालय, नया रायपुर, अभनपुर आना–जाना सस्ता और आसान हो जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभनपुर–रायपुर मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ में दो हजार छह सौ पंचानवे करोड़ रूपए की लागत से पूरी हो चुकी चार रेल परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करने के साथ ही उन्होंने सात रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

जीएसटी–आरोपी गिरफ्तार

केन्द्रीय वस्तु और सेवा कर–सीजीएसटी विभाग ने दस करोड़ अड़तीस लाख रूपए से अधिक की कर चोरी के आरोप में विनय कुमार टंडन को भिलाई से गिरफ्तार किया है। वे अपनी पत्नी के नाम पर मेसर्स ओविया ट्रेडर्स नामक फर्म का संचालन कर रहे थे। आरोपी पर बिना माल या सेवाओं की आपूर्ति के फर्जी चालान के माध्यम से धोखाधड़ी से इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाने का आरोप है।

जानकारी के अनुसार खुफिया जानकारी मिलने पर सीजीएसटी रायपुर के प्रधान आयुक्त राकेश गोयल के नेतृत्व में अधिकारियों ने इस मामले की जांच की थी। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में दुर्ग की सेंट्रल जेल भेज दिया गया है।

डीजे–घायल

बिलासपुर जिले के मल्हार गांव में शोभायात्रा के दौरान कथित रूप से डीजे की तेज आवाज़ से एक मकान का छज्जा गिर गया। इस हादसे में दस लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें मस्तुरी अस्पताल ले जाया गया। घायलों में दो बच्चों की हालत गंभीर थी, जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान एक बच्चे की मौत हो गई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार ने बताया कि डीजे बॉक्स के टकराने से मकान का छज्जा गिरा है। इस मामले में डीजे संचालक, वाहन चालक और आयोजनकर्ता के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है।

ईद–उल–फितर

ईद–उल–फितर आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आज लोगों ने ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद एक–दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। इसके अलावा घरों में भी नमाज अदा कर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सेवइयां और शीर–खुरमा खाकर ईद की खुशियां बांटी।

इस मौके पर जगदलपुर में ईदगाह जमात खाना में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने विशेष नमाज अदा की और एक–दूसरे को ईद की बधाईयां दीं। इस दौरान बस्तर संभाग को

नक्सलमुक्त करने सहित छत्तीसगढ़ और देश में शांति और अमन चैन और उन्नति की दुआ मांगी गई।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने ईद–उल–फितर पर लोगों को बधाईयां और शुभकामनाएं दी हैं।

झूलेलाल जयंती/चेट्रीचण्ड

भगवान झूलेलाल की जयंती और चेट्रीचण्ड्र के मौके पर कल रायपुर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर भ्रमण के बाद जयस्तंभ चौक पहुंची, जहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शोभा यात्रा का स्वागत किया और उन्होंने समूचे सिंधी समुदाय को पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान झूलेलाल केवल सिंधी समाज के आराध्य नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, साहस और सेवा भाव के प्रतीक हैं।

इस मौके पर मुंगेली में भी सिंधी समाज द्वारा एक शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण बहराणा साहब की झांकी रही।

प्रदेश के अन्य जिलों में भी चेट्रीचण्ड के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सरहुल–पर्व

जशपुर में प्रकृति की पूजा का महापर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहर के डिपू बगीचा में जुटे श्रद्वालुओं ने भगवान महादेव और माता पार्वती की पूजा अर्चना की। इस मौके पर एक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। इस दौरान एक धार्मिक सभा का भी आयोजन किया गया। इस सभा को केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल उरांव, पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव और जशपुर विधायक रायमुनि भगत ने संबोधित किया।

बिलासा महोत्सव

लोकसंस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत करने वाला पैंतीसवां बिलासा महोत्सव कल बिलासपुर में संपन्न हो गया। बिलासा कला मंच द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय महोत्सव में विभिन्न लोक कला मंडलियों द्वारा गीत–संगीत और नृत्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में बिलासा साहित्य सम्मान से रायपुर के गुलाल वर्मा को, बिलासा कला सम्मान से तखतपुर के भोजराज पटेल और रायपुर की प्रभा कटारे और बिलासा सेवा सम्मान से शांता फाउंडेशन के नीरज गेमनानी को सम्मानित किया गया।

बिलासा कला मंच के संस्थापक डॉक्टर सोमनाथ यादव ने बताया कि यह मंच हरेली तिहार, अरपा बचाओ अभियान, शरदोत्सव, मूर्खाधिराज अभिषेक और ग्रामीण शिविरों के माध्यम से लोकसंस्कृति को जीवंत बनाए रखने का कार्य कर रहा है।

मौसम

प्रदेश में आगामी अड़तालीस घंटों के बाद मौसम बदलने के आसार बन रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दो अप्रैल के बाद प्रदेश में कुछ क्षेत्रों में बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावनाएं हैं। इस समय दक्षिण छत्तीसगढ़ से तमिलनाडु तक एक द्रोणिका महाराष्ट्र और कनार्टक तक सक्रिय है। इसके चलते प्रदेश के कुछ इलाकों में बादल छाने, तेज हवाएं चलने और हल्की बारिश होने की संभावना है। हालांकि तब तक प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा। पिछले दो दिनों से रायपुर सबसे गर्म रहा। रविवार को रायपुर में तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया।